PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)
01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, बुधवार 01 जुलाई 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## मेरठ हत्याकांड की पूरी कहानी

Meerut Crime News Today in Hindi: मेरठ में युवक ने बहन की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी थाने पहुंचा और पुलिस से बोला कि घर में बहन का शव पड़ा है। बहन के चाल-चलन को लेकर अक्सर विवाद होता था। आरोपी भाई अपनी बहन के प्रेम-प्रसंग से नाराज था। रविवार को बहन प्रेमी के साथ घर से गई थी। घर लौटते ही भाई ने हत्या कर दी। मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र के रसूल नगर में मंगलवार की शाम करीब चार बजे 22 वर्षीय दिलशाद ने अपनी 19 वर्षीय बहन इलमा की दुपट्टे से गला कसकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह लोहिया नगर थाने पहुंचा और पुलिस से कहा कि बहन की लाश घर में पड़ी है, उसे उठा लो। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी अपनी बहन के चाल



## पीएम मोदी के संभावित दौरे को लेकर आरएमपीयू में तैयारियां तेज




राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। इसको लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। हालांकि, कार्यक्रम की तिथि अभी तय नहीं हुई है, लेकिन प्रशासनिक और निर्माण संबंधी गतिविधियों में तेजी आ गई है। प्रधानमंत्री ने ही 14 सितंबर 2021 को विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी।छह जुलाई को विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह होना है, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसके बाद पूरे परिसर को लोकार्पण समारोह के अनुरूप सजाने और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का कार्य शुरू किया जाएगा। निर्माण कार्य को 15 जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 22 जून को सीएम योगी ने स्वयं परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद निर्माण एजेंसियां युद्धस्तर पर कार्य में जुटी हुई हैं। वर्ष 2019 में इगलास विधानसभा उपचुनाव के दौरान सीएम योगी ने इस विश्वविद्यालय की घोषणा की थी।- विश्वविद्यालय का प्रधानमंत्री जल्द लोकार्पण कर सकते हैं। हालांकि, अभी तक उनका अधिकृत कार्यक्रम नहीं मिल पाया है। तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। - प्रबुद्ध सिंह, कुलसचिव, आरएमपीयू, अलीगढ़



## भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल होने से परेशान रहे उपभोक्ता

भीषण गर्मी के बीच सोमवार देर रात से मंगलवार तक शहर और आसपास के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई। बार-बार ट्रिपिंग और घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली कटौती का असर पेयजल आपूर्ति, घरेलू कामकाज और छोटे कारोबार पर भी पड़ा, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ गई।जमालपुर उपकेंद्र के धौर्रा माफी क्षेत्र में बिजली लाइन का खंभा टूटने से आपूर्ति बाधित रही। वहीं सुरेंद्र नगर, घनश्यामपुरी, जीवनगढ़, कामाख्या मंदिर क्षेत्र, प्रकाश नगर, गंभीरपुरा, बिहारी नगर, महेंद्र नगर, भगवान नगर, कृष्णापुरी, सारसौल, कुलदीप विहार, स्वर्ण जयंती नगर, उदय विहार, बनियापाड़ा और सासनी गेट के सुदामापुरी फीडर पर दिनभर कई बार ट्रिपिंग होती रही। इससे उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली व्यवस्था में कोई स्थायी सुधार नहीं हो रहा है। अधीक्षण अभियंता (शहरी) अंशुमान यादव ने बताया कि तकनीकी खराबियों को दूर करने के लिए विभागीय टीमें लगातार फील्ड में कार्य कर रही हैं और प्रभावित क्षेत्रों में जल्द सामान्य विद्युत आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## अमेरिका-ईरान जंग के बीच प्रवासी भारतीयों ने भेजे 16 अरब डॉलर




अलीगढ़। जनसुनवाई में मिली गंभीर शिकायतों पर अलीगढ़ पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रोरावर और महुआखेड़ा थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों अधिकारियों पर जनता के साथ दुर्व्यवहार, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही और कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर अनियमितता बरतने के आरोप लगे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) नीरज कुमार जादौन ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। साथ ही जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि जनता की शिकायतों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोमवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान रोरावर क्षेत्र निवासी सोहिल खान ने एसएसपी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि थाना प्रभारी वंशीधर पांडेय ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। शिकायतकर्ता का कहना था कि थाना प्रभारी ने उनकी बात सुनने के बजाय उनके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की विभिन्न धाराओं में एकतरफा कार्रवाई कर दी। शिकायत की जांच कराई गई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से इंस्पेक्टर वंशीधर पांडेय को निलंबित कर दिया और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश दिए। दूसरी ओर महुआखेड़ा थाना प्रभारी अवधेश कुमार के खिलाफ भी जनसुनवाई में शिकायत सामने आई। आरोप था कि एक विवादित प्लॉट की चहारदीवारी तोड़े जाने, पेड़ काटने और मारपीट की घटना की सूचना मिलने के बावजूद उन्होंने समय रहते कोई प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं की। पीड़ित का कहना था कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण उसे न्याय मिलने में देरी हुई। मामले की जांच में थाना प्रभारी की लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## मुंबई पर बारिश की मार; क्यों थमी मायानगरी की रफ्तार



मुंबई में बीते 24 घंटों के दौरान कई इलाकों में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई। अंधेरी सबवे समेत कई निचले इलाकों में जलभराव से ट्रैफिक प्रभावित हुआ, जबकि हार्बर लाइन पर ओवरहेड वायर टूटने से लोकल ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित रहीं।मुंबई के कई इलाकों में बुधवार सुबह 8 बजे तक बीते 24 घंटों के दौरान 100 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण अंधेरी सबवे समेत कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। हालात को देखते हुए प्रशासन को कई स्थानों पर ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार, अंधेरी सबवे और शहर के कुछ अन्य निचले इलाकों में पानी भर जाने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। स्थिति को संभालने के लिए ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा गया।बारिश के बावजूद BEST बस सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं। हालांकि, सेंट्रल रेलवे और वेस्टर्न रेलवे की उपनगरीय लोकल ट्रेन सेवाएं कुछ देरी से चलीं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।नवी मुंबई को मुंबई से जोड़ने वाली हार्बर लाइन पर सुबह 4:52 बजे से 5:45 बजे के बीच ओवरहेड वायर टूट जाने के कारण लोकल ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। इससे कई सेवाएं

## New Rules

## पासपोर्ट बनवाने के लिए ज्यादा फीस, एलपीजी सिलिंडर की नई कीमतें; आज से देश में होंगे ये बड़े बदलाव




1 जुलाई 2026 से आधार, ITR, क्रेडिट कार्ड और पासपोर्ट फीस से जुड़े छह बड़े वित्तीय नियमों में बदलाव हो रहा है। जानिए इन बदलावों का आपकी जेब और निवेश पर क्या असर पड़ेगा...आज (1 जुलाई 2026, बुधवार) से देश में कई अहम वित्तीय बदलाव लागू होने जा रहे हैं। अगर आप टैक्स दाता हैं, बैंक के ग्राहक हैं या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो ये बदलाव सीधे आपकी वित्तीय दिनचर्या को प्रभावित करेंगे। इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) से लेकर आधार अपडेट और पासपोर्ट बनवाने तक, कुल छह बड़े नियमों में संशोधन होने जा रहा है।हर महीने की शुरुआत में सरकार एलपीजी के दामों की समीक्षा करती है। इस कारण से एक जुलाई को एलपीजी की कीमतों में भी बदलाव हो सकता है। इससे पहले 1 जून 2026 को तेल विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी थी। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलिंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली थी।वित्तीय वर्ष 2025-26 (आकलन वर्ष 2026-27) के लिए ITR-1 और ITR-2 फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2026 तय की गई है। अगर आप इस तय समय सीमा के भीतर अपना रिटर्न दाखिल नहीं करते हैं, तो आपको भारी जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसके अलावा, रिटर्न में देरी होने पर कुछ खास टैक्स रिजीम को चुनने पर रोक लग सकती है और आपको होने वाले नुकसान को आगे के वर्षों के लिए कैरी फॉरवर्ड करने में भी पाबंदियों का सामना करना पड़ सकता है।भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आम जनता को एक बड़ी राहत दी है। 1 जुलाई 2026 से आधार मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए अपने रजिस्टर्ड ईमेल एड्रेस को अपडेट करना बिल्कुल मुफ्त होगा। इसके लिए पहले 75 रुपये का शुल्क देना पड़ता था, जिसे अब 6 महीने के लिए (यानी 31 दिसंबर, 2026 तक) अस्थायी रूप से माफ कर दिया गया है।क्रेडिट कार्ड यूजर्स को अब अपने खर्च के तरीकों पर ध्यान देना होगा। एसबीआई कार्ड ने एक जुलाई से अपने 'फोनपे एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स' और सेलेक्ट ब्लैक

## सेना प्रमुख ने पिता को किया सैल्यूट



भारतीय सेना के प्रमुख के रूप में गार्ड ऑफ ऑनर मिलने के बाद जनरल धीरज सेठ ने अपने पिता, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. सेठ को सैल्यूट किया और फिर उनके पैर छुए। सेना प्रमुख के रूप में एक बेटे का अपने पिता को सैल्यूट करना भावुक करने वाला पल रहा, जो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। जनरल धीरज सेठ द्वारा अपने पिता को सैल्यूट करने के बाद उनके छोटे भाई, रियर एडमिरल रवनीश सेठ ने भी उन्हें सलामी दी। इस अनोखे पारिवारिक पल ने सम्मान समारोह को खास बना दिया।

## देश में आज से VB G-RAM-G कानून लागू

देश में आज से ग्रामीण रोजगार का नया कानून वीबी जी राम जी लागू हो गया है। वहीं लंबे समय तक ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हिस्सा रहा मनरेगा कानून अब बीती बात हो गया है। तो आइए जानते हैं कि नया कानून क्या है और यह पुराने कानून से कितना अलग है।




देश में आज से ग्रामीण रोजगार योजना, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी जी राम जी कानून) लागू हो गया है। वहीं पुराना मनरेगा कानून इतिहास की बात हो गया है। वीबी जी राम जी कानून के जरिए केंद्र सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़े बदलाव करना चाहती है। इस कानून के तहत केंद्र सरकार साल 2047 तक एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना चाहती है। इसमें ऐसे ग्रामीण परिवारों के सदस्य, जो अकुशल श्रम कर सकते हैं, उन्हें एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। इस कानून के तहत ग्रामीण रोजगार के माध्यम से आधारभूत ढांचे को बेहतर किया जाएगा। इस कानून में सरकार ग्रामीणों को सिर्फ रोजगार तक सीमित नहीं रखने की कोशिश कर रही है, बल्कि ऐसा मॉडल बनाने की कोशिश की जा रही है, जिससे गांव के स्तर पर विकास कार्यों की दिशा तय हो। वीबी जी राम जी कानून के तहत गांवों में विकास कार्यों के लिए चार प्राथमिकताएं तय की गई हैं।- जल सुरक्षा- इसके तहत गांवों में अब जल संरक्षण संरचनाएं, सिंचाई सहायता, भूजल पुनर्भरण, जल निकायों को पुनर्जीवित करने का काम और वनीकरण जैसे कामों को आगे बढ़ाया जाएगा। ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास-वीबी जी राम जी कानून के तहत ग्रामीण सड़कों, सार्वजनिक भवनों, स्कूलों के विकास, स्वच्छता प्रणालियों और सौरर नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े काम

# UP: पति को छोड़ प्रेमी के संग चली गई थी इलमा,

## वापस आते ही भाई ने मार डाला; मेरठ हत्याकांड की पूरी कहानी

मेरठ में युवक ने बहन की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी थाने पहुंचा और पुलिस से बोला कि घर में बहन का शव पड़ा है। बहन के चाल-चलन को लेकर अक्सर विवाद होता था। आरोपी भाई अपनी बहन के प्रेम-प्रसंग से नाराज था। रविवार को बहन प्रेमी के साथ घर से गई थी। घर लौटते ही भाई ने हत्या कर दी। मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र के रसूल नगर में मंगलवार की शाम करीब चार बजे 22 वर्षीय दिलशाद ने अपनी 19 वर्षीय बहन इलमा की दुपट्टे से गला कसकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह लोहिया नगर थाने पहुंचा और पुलिस से कहा कि बहन की लाश घर में पड़ी है, उसे उठा लो। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी अपनी बहन के चाल-चलन और प्रेम प्रसंग से नाराज था। इसी वजह से उसकी हत्या की है।पुलिस के अनुसार पेशे से कारपेंटर सलीमुद्दीन रसूल नगर में परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा दिलशाद वेल्डिंग का काम करता है। बेटी इलमा का निकाह कुछ समय पहले श्याम नगर निवासी गुलफाम से हुआ था। पति-पत्नी में अनबन के चलते वह मायके में आकर रहने लगी थी।





मंगलवार की शाम करीब चार बजे दिलशाद लोहिया नगर थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन इलमा की हत्या कर दी है। उसकी बात सुनकर पुलिस तुरंत उसे साथ लेकर उसके घर पहुंची, जहां कमरे में इलमा का शव जमीन पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और घटनास्थल की जांच की।

**बिना बताए चली जाती थी बाहर**

दिलशाद ने पुलिस को बताया कि करीब दो वर्ष पहले भी इलमा को परिजनों ने लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के समर गार्डन निवासी एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था। उस समय परिवार के लोगों ने दोनों की पिटाई की थी। आरोपी ने बताया कि इलमा कई-कई दिनों तक बिना बताए घर से बाहर चली जाती थी। उसने कई बार विरोध किया लेकिन वह नहीं मानी। इसी बात से वह नाराज था और वारदात को अंजाम दिया।

# 'रफ्तार की बलि': काल बनकर दौड़ी बस,

## कार को रौंदा और फिर खंती में पलटी, पांच की मौत और 17 घायल, तीन लखनऊ रेफर

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस की टक्कर से कार सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और 17 यात्री घायल हो गए। हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा हैउन्नाव जिले के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर देवखरी गांव के पास बुधवार सुबह करीब पांच बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें स्लीपर बस की टक्कर से संतकबीरनगर के रजिस्ट्रेशन नंबर की कार में सवार एक महिला, दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई।वहीं, डिवाइडर की ग्रिल तोड़ने हुए दूसरी लेन में पलटी बस में सवार 17 यात्री घायल हो गए। बस में कुल 85 यात्री सवार थे। पुलिस व यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने घायलों को अस्पताल भेजा और मृतकों की पहचान कराने के प्रयास कर रही है। कार में आठ लोग सवार थे।




**चालक को झपकी आने से हुआ हादसा**

अलीगढ़ जिले के खैरा क्षेत्र निवासी स्लीपर बस चालक मोहित 85 यात्रियों को लेकर हरियाणा से बिहार जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे बस देवखरी गांव के पास चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई।

**कार को टक्कर मारकर खंती में पलटी बस**

इस दौरान आगरा की ओर जा रही आर्टिगा कार को सामने से टक्कर मारने के बाद बस खंती में पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस में सवार करीब 17 यात्री घायल हो गए। यात्रियों ने चालक के नशे में होने का भी आरोप लगाया है।



**अन्य कारणों की भी हो रही है जांच**

बांगरमऊ कोतवाली प्रभारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि बस चालक को झपकी आने से हादसा होने का अनुमान है, अन्य कारणों की भी जांच हो रही है। साथ ही मृतकों की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# फैक्टरी बनी 'जहन्नुम': सिर्फ डेढ़ घंटे नींद, खूंखार पिटबुल का डर,

## बोरों में फेंकी लाशें, शिवम ने सुनाई दास्तां

मुजफ्फरनगर में छह महीने तक बंधक रहे दिबियापुर के शिवम ने अमानवीय यातनाओं की दास्तां सुनाई। उसने बताया कि मजदूरों को मारपीट और भुखमरी के जरिए प्रताड़ित किया जाता था। मुजफ्फरनगर की एक दोना-पत्तल फैक्टरी में बंधक बनाए गए 13 मजदूरों में शामिल दिबियापुर के खजुबैया गांव का शिवम शनिवार रात घर लौट सका। उसे सही सलामत देख मां-बाप के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे। छह महीने तक बंधक रहे शिवम ने बताया कि बंधक मजदूरों को सिर्फ डेढ़ घंटे सोने दिया जाता था। खाने में उन्हें चोकर की रोटी मिलती थी।शिवम ने बताया कि एक जनवरी को गुरुग्राम से घर लौटते समय रेलवे स्टेशन पर उसका सामान चोरी हो गया था। बिना टिकट दिल्ली पहुंचने पर उसे मुजफ्फरनगर का अंकित मिला, जिसने काम का झांसा देकर उसे फैक्टरी में बंद कर दिया। शिवम के अनुसार, वहां मजदूरों को महज एक से डेढ़ घंटे ही सोने दिया जाता था।



**मजदूरों को पीट-पीटकर मार डाला**

मशीनों की बेल्ट, पेंचकस और तारों से बेरहमी से पीटा जाता था। खाने के नाम पर पूरे दिन में सिर्फ चोकर की चार रोटियां, नमक और लाल मिर्च मिलती थी। निगरानी के लिए खूंखार पिटबुल कुत्ते छोड़े गए थे। शिवम ने रोते हुए बताया कि भागने की कोशिश करने वाले दो मजदूरों को पीट-पीटकर मार डाला गया।

**65 किलो के शिवम का वजन रह गया आधा**

उनके शव बोरे में भरकर फेंक दिए गए थे। इधर, बेटे की तलाश में भटकती मां राजरानी और पिता वीरेंद्र गौतम ने गुरुग्राम की सड़कों पर पोस्टर लेकर चक्कर काटे, तब कहीं जाकर पुलिस सक्रिय हुई। मां ने बताया कि 65 किलो के शिवम का वजन अब आधा ही रह गया है। बेटे के सकुशल लौटने पर परिवार में खुशी तो है लेकिन दोषियों के खिलाफ आक्रोश की मांग चरम पर है।

**ये था मामला**

मांडी गांव में दोना बनाने की फैक्टरी में राजस्थान, बिहार, आगरा व अन्य स्थानों के रहने वाले 13 मजदूरों को मजदूरों को दस से बारह हजार रुपये प्रतिमाह वेतन, खाना व रहने की सुविधा देने का वादा कर काम करने के लिए लाया गया था। डेढ़ साल उसे बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था। एक मजदूर विक्रम किसी तरह फैक्टरी से भाग कर तितावी थाने पहुंचा था। इसके बाद फैक्टरी में बंधक बनाए मजदूरों को मुक्त कराया था।

**वांछित आरोपियों के नहीं मिले सुराग**

मामले में फरार आरोपी फैक्टरी मालिक अंकित बालियान सहित दोनों आरोपियों का पुलिस का सुराग नहीं लगा सका हैं। वहीं चार मजदूरों के परिजन तितावी थाने पहुंचे है। तितावी थाना पुलिस ने फैक्टरी में बंधक बनाकर रखे गए बाहर मजदूरों को बंधन मुक्त कराया था। पुलिस ने उन्हें उनके घर भेजने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है।

# Rajasthan Bus Accident: दावा- बस की डिक्की में भरे थे सिगरेट के बॉक्स,

## इसी वजह से आग तेज धधकी; अब तक आठ की मौत

राजस्थान के दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर स्लीपर बस ट्रक से टकराने के बाद आग लग गई। हादसे में आठ लोगों की मौत और 21 लोग घायल हुए। आग इतनी तेज कैसे भड़की, आइये जानते हैं। राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ऋषिकेश से इंदौर जा रही स्लीपर बस कोलवा थाना क्षेत्र के तनावड़ जीरो पॉइंट के पास आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 21 यात्री घायल हुए हैं।

**कब हुआ हादसा?**

दौसा एसपी पीयूष दीक्षित के अनुसार हादसा रात करीब 2:30 बजे हुआ। मृतकों में छह लोगों की मौत आग में झुलसने से हुई, जबकि दो ने सिर में गंभीर चोट लगने के कारण दम तोड़ दिया। सभी घायलों का इलाज दौसा जिला अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद बस में तेजी से आग फैल गई, जिससे अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

**अशोक गहलोत ने जताया दुख**

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुई एक भीषण सड़क हादसे पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दुख जताया। उन्होंने लिखा कि दौसा जिले में दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस वे पर हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु होने का समाचार बेहद दुखद है। इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करें एवं दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।




**दावा- सिगरेट के पैकेट रखे थे**

स्थानीय लोगों का दावा है कि बस के स्टोरेज बॉक्स में सिगरेट के पैकेट रखे थे, जिससे आग तेजी से भड़क गई। हालांकि पुलिस ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है और मामले की जांच जारी है। एसपी ने बताया कि अब तक केवल नौ घायलों की पहचान हो सकी है। अन्य यात्रियों की पहचान और उनके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदना व्यक्त की**

सीएम भजनलाल शर्मा ने सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा कि दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में जनहानि का समाचार पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूँ।

# UP: खून से लथपथ शव, कटा हुआ गला...

## फावड़ा लेकर लाश के पास बैठी थी आरोपी; 10 मिनट के लिए सहेली को बुलाया था घर




वर्ष 2022 में महिला की हत्या में सहेली को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही कोर्ट ने एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।घर बुलाकर सहेली की फावड़े से गला काटकर हत्या के मामले में अपर जिला जज आलोक कुमार की अदालत ने अभियुक्ता राखी वर्मा को दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। 70 प्रतिशत राशि मृतका के बच्चों को बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया। इस दौरान अदालत में नौ गवाह परीक्षित हुए।21 अप्रैल 2022 की सुबह 9.30 बजे अभियुक्ता राखी वर्मा ने अपने मोबाइल से कंचन वर्मा को फोन कर ब्लाउज के डिजाइन के बहाने 10 मिनट के लिए अपने घर टक्खू की बौली, मंटूका कपसेठी बुलाया। कंचन पति संजय वर्मा की बाइक से राखी के घर पहुंची। ठीक 45 मिनट बाद कंचन के ही मोबाइल से राखी ने संजय को फोन किया। कहा डायल 112 पर फोन कर अपनी पत्नी को ले जाओ।

**खून से लथपथ पड़ा था कंचन का शव**

संजय जब राखी के घर पहुंचा तो पता चला कि कंचन छत पर है। छत पर गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। खटखटाने पर राखी ने दरवाजा खोला। कंचन का खून से लथपथ शव पड़ा था, उसका गला कटा हुआ था और पास में ही खून लगा फावड़ा पड़ा था। इसके बाद संजय ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच की और हत्या में प्रयुक्त फावड़े को कब्जे में लिया। कंचन वर्मा के शरीर पर चोट के कई निशान थे। पुलिस जांच और आरोपी महिला के बयान के अनुसार दोनों के बीच घनिष्ठ संबंध थे।इस मामले में मृतका के देवर राजीव सिंह पटेल ने कपसेठी थाने में हत्यारोपी राखी वर्मा सहित उसके परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। विवेचना में अन्य इस वारदात में शामिल नहीं मिले। कोर्ट में अभियोजन सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष तिवारी ने घटना से पहले दोनों के बीच अंतरंग स्थिति की संभावना व्यक्त की गई थी। आरोपी महिला के बयान में हत्या की पीछे की वजह भी समलैंगिकता आई।

**फावड़े से लगी चोटों, शॉक से मौत की पुष्टि**

पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक की गवाही में आया कि मृतका की मौत अत्यधिक रक्तस्राव (हेमरेजिक शॉक) से हुई, जो मृत्यु से ठीक पहले लगी गंभीर चोटों के कारण हुई थी। शव पर धारदार और कुंद दोनों प्रकार की चोटें मिलीं, जिनमें छाती पर गहरा घाव था। चोटें एक ही औजार से की गईं। जिसका कुछ हिस्सा धारदार और कुछ कुंद था। प्रयोगशाला की रिपोर्ट में फावड़े सहित कई वस्तुओं पर मानव रक्त मिलने की पुष्टि हुई, जबकि विसरा जांच में रासायनिक विष के अंश नहीं मिले।

# Delhi: भीषण गर्मी से पक्षियों, वन्यजीवों पर मंडराया संकट,

## अप्रैल से अब तक 224 को बचाया गया



वाइल्डलाइफ एसओएस के अनुसार, अप्रैल से अब तक 224 पक्षियों और वन्यजीवों का रेस्क्यू किया जा चुका है, जबकि इस साल अप्रैल में ही रेस्क्यू मामलों में पिछले वर्षों की तुलना में 39.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ रही गर्मी और हीट वेव का असर अब सिर्फ इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पक्षियों और वन्यजीवों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन और पानी की कमी के कारण बड़ी संख्या में पक्षी और अन्य वन्यजीव बीमार हो रहे हैं। गर्मी से उन्हें डायरिया और सूखा रोग की समस्या हो रही है। इससे वह खाना-पीना पूरी तरह से नहीं खा रहे हैं। ऐसे में उनका शरीर साथ छोड़ रहा है। चिंता की बात यह है कि इनमें से कई पक्षी आसमान में उड़ान भरने से मोहताज हो रहे हैं, तो कुछ अपने घोंसलों में नहीं जा पा रहे हैं। कई पक्षी तो मौत के शिकार भी हो रहे हैं। सबसे ज्यादा असर युवा चील (यंग काइट्स), कबूतर और अन्य शहरी पक्षियों पर पड़ रहा है। गर्म हवाओं में उड़ान भरने वाले पक्षी थोड़ी सी दूरी तय कर जमीन पर गिरने से जख्मी हो रहे हैं। पशु-पक्षी अस्पताल में लोग प्रतिदिन हिट स्ट्रोक से घायल पक्षियों बड़ी संख्या में लेकर पहुंच रहे हैं।

वाइल्डलाइफ एसओएस के अनुसार, अप्रैल से अब तक 224 पक्षियों और वन्यजीवों का रेस्क्यू किया जा चुका है, जबकि इस साल अप्रैल में ही रेस्क्यू मामलों में पिछले वर्षों की तुलना में 39.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। संस्था के मुताबिक, सामान्य दिनों में जहां रोजाना 5 से 10 रेस्क्यू कॉल मिलती थीं। वहीं, इन दिनों यह संख्या बढ़कर 15 से 20 कॉल प्रतिदिन हो गई है। सबसे अधिक मामले हीट स्ट्रोक, शरीर में पानी की कमी से घोंसलों से गिरने वाले पक्षियों और पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे सांप, गोह समेत अन्य सरीसृपों के सामने आ रहे हैं।

**गंदे पानी से चेचक, आंखों की रोशनी हो रही प्रभावित**

चांदनी चौक के दिगंबर जैन लाल मंदिर में स्थित पक्षियों का धर्मार्थ चिकित्सालय में हर दिन बीमार और जख्मी परिंदे पहुंच रहे हैं। डॉ. हरअवतार सिंह बताया कि गर्मी पक्षियों के लिए घातक बन रही है। ज्यादा तापमान होने की वजह से पक्षियों को भी ग्लूकोज और विटामिन की कमी हो रही है। पानी के लिए गंदे नालों के अलावा लंबे समय तक रखे गए पानी का सेवन करना इनकी मजबूरी बन रही है। ऐसे में इस जल का सेवन करने से वे चेचक और आंखों की रोशनी प्रभावित हो रहे हैं चिकित्सक डॉ. हरअवतार सिंह का कहना है कि पक्षियों के लिए आदर्श तापमान 35 डिग्री सेल्सियस है। इससे अधिक तापमान घातक है।

# हिमाचल में बारिश का कहर: चंबा के सलूणी में घरों में घुसा मलबा, पंगोला नाला के पास चंबा-तीसा मार्ग बंद




चंबा जिले में लगातार बारिश से सलूणी उपमंडल के लनोट और फगड़ोग गांवों में घरों में मलबा और पानी घुस गया, जिससे कई परिवार प्रभावित हुए। पंगोला नाला के पास मलबा आने से चंबा-तीसा मुख्य मार्ग बंद हो गया और 25 से अधिक पंचायतों की आवाजाही प्रभावित हुई। प्रशासन ने राहत और सड़क बहाली कार्य शुरू कर दिया है तथा लोगों से मौसम को देखते हुए सतर्क रहने की अपील की है। पढ़ें पूरी खबर...चंबा जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। सलूणी उपमंडल की ग्राम पंचायत लनोट के लनोट और फगड़ोग गांवों में मलबा और बारिश का पानी घरों में घुसने से लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, पंगोला नाला के पास मलबा और पत्थर आने से चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है। फगड़ोग गांव में तानी पुत्र कंठ और नारद पुत्र लछमण के मकानों में भारी मात्रा में मलबा और पानी घुस गया। इस घटना में दोनों परिवारों को नुकसान पहुंचा है। नारद पुत्र लछमण के मकान में दरारें भी आ गई हैं, जिससे मकान को सबसे अधिक क्षति पहुंची है। घटना की सूचना मिलने पर ग्राम पंचायत लनोट के प्रधान देसराज मौके पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बादल फटने जैसी स्थिति बनने के बाद अचानक भारी मात्रा में मलबा आया, जिससे दोनों मकानों को नुकसान पहुंचा।

मामले की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है। वहीं, पंगोला नाला के पास भारी मात्रा में मलबा और पत्थर आने से चंबा-तीसा मुख्य मार्ग बंद हो गया। इसके कारण करीब 25 से अधिक पंचायतों के लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। तीसा, सनवाल, बैरागढ़, बौंदेड़ी, खजुआ, बिहाली, देवीकोठी, सेईकोठी और झज्जाकोठी सहित कई क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से संपर्क प्रभावित हो गया है। सड़क के दोनों ओर वाहन फंस गए हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और मलबा आने की घटनाएं हुई हैं। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों की टीमें सड़क बहाल करने और राहत कार्य में लगी हैं। उन्होंने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने की अपील की है।

# Ketan Murder Case: लोहागढ़ किले में फिर दोहराया गया केतन की मौत का मंजर; 300 फीट खाई में क्यों फेंकी गई डमी?




**बाली ट्रिप रोकने के लिए पासपोर्ट नष्ट करने का आरोप**

जांच अधिकारियों के अनुसार, सिया गोयल ने कथित तौर पर एक फूड मॉल में रुकने के दौरान केतन का पासपोर्ट चुराया और बाद में उसे फाड़कर जला दिया। उस समय परिवार शादी से पहले बाली घूमने के लिए मुंबई एयरपोर्ट जा रहा था। एयरपोर्ट पहुंचने पर जब केतन को अपना पासपोर्ट नहीं मिला तो बाली यात्रा रद्द करनी पड़ी। पुलिस का मानना है कि दोनों के एक साथ विदेश यात्रा पर जाने से रोकने के लिए यह पूरी साजिश रची गई थी। इससे पहले, परिवार को लेकर जा रहे ड्राइवर ने भी दावा किया था कि सफर के दौरान सिया कुछ देर के लिए अकेले पार्क की गई गाड़ी में लौटी थी और वहां से उसने कुछ सामान निकाला था।

**हत्या से पहले का पुराना वीडियो आया सामने**

इस बीच, केतन अग्रवाल का एक पुराना वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह पुणे में आयोजित एक पारिवारिक समारोह में अपनी मंगेतर सिया गोयल और दोनों परिवारों के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो 7 मई का बताया जा रहा है, जो हत्या से करीब एक महीने पहले का है। वीडियो में 26 वर्षीय केतन अपने रिश्तेदारों के साथ खुशी के माहौल में जश्न मनाते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो गायिका रीतू शर्मा ने इंस्टाग्राम पर साझा किया था। उन्होंने उसी पारिवारिक समारोह में प्रस्तुति दी थी।

**किन दो वीडियो ने खींचा लोगों का ध्यान?**

रीतू शर्मा ने मंगलवार रात अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो वीडियो पोस्ट किए। पहले वीडियो में केतन के पिता विशाल अग्रवाल और सिया के माता-पिता प्रवीण गोयल तथा पूजा गोयल अन्य रिश्तेदारों के साथ मंच के पास खड़े नजर आते हैं। इस दौरान विशाल अग्रवाल, रीतू शर्मा के साथ बॉलीवुड का लोकप्रिय गीत 'यम्मा-यम्मा' गाते दिखाई देते हैं। गाने की पंक्तियां 'बस आज की रात है जिंदगी, कल हम कहां तुम कहां', माहौल को और भावुक बना देती हैं।

**केतन और होने वाले ससुर का डांस वीडियो वायरल**

कुछ ही क्षण बाद दूसरे वीडियो में केतन अग्रवाल, सिया के पिता प्रवीण गोयल के साथ फिल्म 'गदर' के लोकप्रिय गीत "मैं निकला गड्डी लेके" पर डांस करते नजर आते हैं। दोनों के चेहरों पर मुस्कान साफ दिखाई देती है और समारोह में मौजूद परिवार के सदस्य भी इस पल का आनंद लेते नजर आते हैं। अब यह वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



पुणे ग्रामीण पुलिस ने केतन अग्रवाल हत्याकांड की जांच तेज करते हुए बुधवार को लोहागढ़ किले में पूरे घटनाक्रम का रीक्रिएशन किया। वहीं, जांच के दौरान आरोपियों की गतिविधियों, पासपोर्ट नष्ट करने के आरोप और हत्या से पहले केतन-सिया के परिवार का एक पुराना वीडियो भी सामने आया है। लोहागढ़ किले में पुणे ग्रामीण पुलिस ने बुधवार को चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड में क्राइम सीन का रीक्रिएशन किया। इस दौरान जांच अधिकारियों ने घटनाक्रम को दोबारा समझने के लिए केतन की लंबाई और वजन से मेल खाती फाइबर की एक डमी को 300 फीट से अधिक गहरी खाई में फेंका। इससे एक दिन पहले मंगलवार को पुलिस ने दूसरे आरोपी चेतन चौधरी की गतिविधियों का विश्लेषण (गेट एनालिसिस) किया था। सिया गोयल और चेतन बाबूलाल चौधरी पर 18 जून को लोहागढ़ किले में अपने मंगेतर, 26 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या करने का आरोप है।

**क्यों किया गया सीन रीक्रिएशन?**

क्राइम सीन रीक्रिएशन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि घटना वाले दिन चेतन चौधरी किस रास्ते से गया, उसने कहां-कहां आवाजाही की और पूरी घटना किस तरह हुई। जांच के दौरान पुलिस ने वह ट्राउजर भी बरामद कर लिया, जिसे चेतन ने कथित तौर पर हत्या वाले दिन पहना था। इस बीच, महाराष्ट्र की एक अदालत ने सोमवार को पुणे ग्रामीण पुलिस को सिया गोयल और चेतन बाबूलाल चौधरी की पांच दिन की अतिरिक्त पुलिस हिरासत दे दी। प्रारंभिक पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को सोमवार को वडगांव मावल कोर्ट में पेश किया गया।

**जांच क्यों अधूरी? पुलिस ने कोर्ट को बताई वजह**

रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए जांच अधिकारियों ने अदालत को बताया कि मामले की जांच के कई अहम पहलू अभी बाकी हैं। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की मौजूदगी में घटनास्थल का दोबारा निरीक्षण और रीक्रिएशन करना है, हत्या के बाद चेतन की गतिविधियों की जांच करनी है, दोनों आरोपियों के बीच हुई फोन पर बातचीत की पड़ताल करनी है और केतन के पासपोर्ट को नष्ट करने से जुड़े सबूत जुटाने हैं।

# 1 जुलाई से बदले नियम: गैस सिलिंडर के दाम घटे, डीजल पर भी हुआ बड़ा फैसला




जुलाई महीने की शुरुआत आम लोगों और व्यापार जगत के लिए राहत भरी खबरों के साथ हुई है। सरकारी तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलिंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती कर दी है, जिसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 3,113.50 रुपये से घटकर 2,930 रुपये हो गई है। हालांकि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। साथ ही सरकार ने डीजल बिक्री पर लगी सीमा भी हटा दी है, जिससे वाहन चालकों, किसानों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर को राहत मिलेगी। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं दूसरी ओर कुछ फैसलों का असर जेब पर पड़ सकता है। सरकार ने पेट्रोल निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया है ताकि घरेलू बाजार में पर्याप्त सप्लाई बनी रहे। इसके अलावा कई ऑटो कंपनियों ने 1 जुलाई से नई कारों की कीमतें बढ़ा दी हैं, जिससे वाहन खरीदना महंगा हो सकता है। कुल मिलाकर जुलाई की शुरुआत गैस और ईंधन में राहत, लेकिन ऑटो सेक्टर में बढ़ते खर्च के संकेत लेकर आई है।

# Fuel Price Update: पेट्रोल-डीजल के दाम घटे, आम जनता को मिली राहत




देश में जुलाई की शुरुआत आम लोगों के लिए राहत भरी खबर लेकर आई है। कमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमतों में कटौती के बाद अब ईंधन बाजार से भी राहत की खबर सामने आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच नायरा एनर्जी ने पेट्रोल के दाम 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 3 रुपये प्रति लीटर तक घटाने का फैसला किया है। नई कीमतें 1 जुलाई 2026 से लागू हो गई हैं, जिससे वाहन चालकों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि सरकारी तेल कंपनियों ने फिलहाल अपने रेट में कोई बदलाव नहीं किया है और पुराने दाम ही लागू हैं। माना जा रहा है कि वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें नरम रहने पर आगे और राहत मिल सकती है। होर्मुज स्ट्रेट के सामान्य होने और सप्लाई बेहतर होने से आने वाले दिनों में ईंधन बाजार पर असर देखने को मिल सकता है।

# Foreign Exchange: अमेरिका-ईरान जंग के बीच प्रवासी भारतीयों ने भेजे 16 अरब डॉलर, विदेशी मुद्रा में बड़ा उछाल




अमेरिका-ईरान तनाव और खाड़ी क्षेत्र में भू-राजनीतिक संकट के बावजूद प्रवासी भारतीयों ने भारत को रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भेजी। अप्रैल 2026 में प्रेषण बढ़कर 16 अरब डॉलर पहुंच गया, जो अप्रैल 2025 के 9.4 अरब डॉलर से काफी अधिक है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, 2025-26 में कुल प्रवासी प्रेषण 155.1 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा। रिपोर्ट में कहा गया कि संकट के समय प्रवासी भारतीय अपने परिवारों और देश की मदद के लिए अधिक धन भेजते हैं। अमेरिका और ईरान जंग के बावजूद प्रवासी भारतीयों ने विदेशी मुद्रा भेजने में खूब दरियादिली दिखाई। जंग शुरू होने के एक महीने बाद यानी अप्रैल में इन्होंने 16 अरब अमेरिकी डॉलर भारत भेजे। वित्त मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। माना जा रहा था कि जंग का असर खाड़ी देशों पर पड़ने के कारण वहां कार्यरत भारतीयों की तरफ से धन भेजने की रफ्तार प्रभावित हो, पर यह आशंकाएं निर्मूल साबित होती दिख रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनावों के कारण खाड़ी देशों से आने वाले धन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंकाओं के विपरीत विदेशी मुद्रा प्राप्तियां मजबूत हैं। यह अप्रैल में 16.0 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि अप्रैल 2025 में यह 9.4 अरब अमेरिकी डॉलर था।

**प्रवासी भारतीयों की तरफ से भेजे जाने वाली रकम में हो रहा इजाफा**

वित्त वर्ष 2025-26 में प्रवासी प्रेषण बढ़कर 155.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 135.4 अरब अमेरिकी डॉलर था। इस प्रकार इसमें वर्ष-दर-वर्ष 14.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इस कारण सकल घरेलू उत्पाद में प्रवासी द्वारा भेजी गई रकम का हिस्सा 2024-25 के 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 4.0 प्रतिशत हो गया।

**संकट के समय बनते हैं मददगार**

प्रवासी भारतीयों के अपने देश धन भेजने के कारणों में परोपकार की भावना भी काम करती रही है। असल में परोपकार प्रेरणा के कारण जब मूल देश कठिन परिस्थितियों का सामना करता है तो प्रवासी अपने परिवारों की सहायता के लिए अधिक धन भेजते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि लुकास और स्टार्क (1985) ने इस व्यवहार का सैद्धांतिक प्रतिपादन किया था। कोविड-19 समेत पिछले संकटों के अनुभव भी दर्शाते हैं कि आर्थिक गिरावट के बावजूद मूल देश की कठिनाइयों के समय प्रवासी प्रेषण में वृद्धि हुई, जिससे परोपकार-आधारित इस सिद्धांत की पुष्टि होती है।
इसके अलावा प्रवासी प्रेषण का प्रवाह मेजबान देशों में रोजगार की स्थिति और मजदूरी स्तर पर आधारित होता है, न कि वित्तीय बाजारों के संकेतों या निवेशकों की धारणा पर। पोर्टफोलियो निवेश या ऋण वित्तपोषण के विपरीत प्रवासी प्रेषण प्रवासी श्रमिकों के रोजगार और परिवारों की आय जैसी अपेक्षाकृत स्थायी परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं, जो भू-राजनीतिक घटनाओं या वित्तीय बाजारों के उतार-चढ़ाव से तुरंत प्रभावित नहीं होतीं।



# Army Chief: सेना प्रमुख ने पिता को किया सैल्यूट, भाई ने भी दी सलामी; आर्मी चीफ का यह अंदाज क्यों हो रहा वायरल?



बुधवार को सेना प्रमुख का पद औपचारिक रूप से संभालते ही नए सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने अपने पिता को सैल्यूट किया और फिर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एक पिता-पुत्र के इन पलों ने लोगों को भावुक कर दिया। भारतीय सेना के प्रमुख के रूप में गार्ड ऑफ ऑनर मिलने के बाद जनरल धीरज सेठ ने अपने पिता, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. सेठ को सैल्यूट किया और फिर उनके पैर छुए। सेना प्रमुख के रूप में एक बेटे का अपने पिता को सैल्यूट करना भावुक करने वाला पल रहा, जो सोश मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। जनरल धीरज सेठ द्वारा अपने पिता को सैल्यूट करने के बाद उनके छोटे भाई, रियर एडमिरल रवनीश सेठ ने भी उन्हें सलामी दी। इस अनोखे पारिवारिक पल ने सम्मान समारोह को खास बना दिया।

**सेना प्रमुख ने बताया क्या होगी उनकी पहली प्राथमिकता?**

भारतीय सेना के नए थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने सेना को तकनीक-सक्षम, आधुनिक और भविष्य की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार बल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इसी सोच के तहत उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को विजय नामक रणनीतिक अवधारणा में शामिल किया है। यह विजन रक्षा मंत्री द्वारा घोषित परिवर्तन के दशक की अवधारणा से प्रेरित है और आने वाले वर्षों में भारतीय सेना की कार्ययोजना का आधार बनेगा। बुधवार को रक्षा मंत्रालय मुख्यालय में आयोजित समारोह में थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्तमान वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।

सीमाओं पर पारंपरिक चुनौतियों के साथ-साथ साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और तकनीक आधारित नए खतरे भी सामने आ रहे हैं। ऐसे समय में भारतीय सेना के आधुनिकीकरण को नई गति और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाना आवश्यक है। सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना, युद्ध के लिए तैयार और अनुभवी सैन्य बल है। ये युद्ध क्षेत्र की हर चुनौती का सामना करने के लिए हमेशा तैयार और सक्षम है।

**सैनिकों को बताया सेना की सबसे बड़ी शक्ति**

जनरल सेठ ने सैनिकों को भारतीय सेना की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उनके कल्याण, प्रशिक्षण, पेशेवर विकास और मनोबल को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। उनका मानना है कि आधुनिक उपकरणों और तकनीक के साथ-साथ सैनिकों का आत्मविश्वास और क्षमता ही सेना की वास्तविक ताकत है। नए थल सेनाध्यक्ष ने कर्तव्य, सम्मान और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।
उन्होंने कहा कि भारतीय सेना अपनी गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को लगातार विकसित करती रहेगी और देश की संप्रभुता तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंने कहा कि एक अग्निवीर से लेकर सबसे वरिष्ठ वेटरन तक सब योद्धा हैं ये योद्धा हमारी सेना की सबसे बड़ी ताकत हैं ।

**जनरल उपेंद्र द्विवेदी के बाद नए सेनाध्यक्ष बने**

जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को मंगलवार को देश के 31वें सेना प्रमुख के तौर पर जिम्मेदारी संभाल ली। जनरल सेठ ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह ली है, जो 40 साल की सेवा के बाद रिटायर हो गए हैं। जनरल धीरज सेठ को सेना प्रमुख बनने से पहले अप्रैल 2026 में वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया गया था।

# National Doctors Day

## डॉ. अदिति गोविंत्रिकर से साई पल्लवी तक इन फिल्मी हस्तियों के पास है डॉक्टर की डिग्री




National Doctors Day 2026: 01 जुलाई को हर साल भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। आज इस मौके पर हम आपको उन सेलेब्स से मिलवा रहे हैं, जिनके पास मेडिकल डिग्री है। आज 01 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे है। यह दिन उन्हें समर्पित है, जिन्हें धरती पर भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। लोगों को जीने की उम्मीद देते हैं। बीमार तन-मन को खुशियां लौटाते हैं।

कई फिल्मी सितारों को आपने पर्दे पर डॉक्टर का किरदार निभाते देखा होगा। मगर, क्या आपको पता है कि फिल्मी दुनिया में कई ऐसे सितारे हैं, जिनके पास डॉक्टर की डिग्री है। इनमें से कुछ अब भी डॉक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। चलिए जानते हैं. आपने अदिति गोविंत्रिकर को 'बाज', 'पहचान', 'हम कौन हैं?' जैसी फिल्मों में देखा होगा। मॉडलिंग की दुनिया में भी बड़ा नाम रहा। साल 2001 में मिसेज वर्ल्ड बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं, लेकिन इन सबके पहले उनकी पहचान एक डॉक्टर की थी और दिलचस्प बात यह है कि इतने साल बाद भी वह पहचान उनसे कभी दूर नहीं हुई। नेशनल डॉक्टर्स डे पर अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में अदिति ने बताया कि जिंदगी उन्हें फिल्मों तक जरूर ले आई, लेकिन लोगों की मदद करने का सपना आज भी वैसा ही है। अदिति आज भी लोगों के मेंटल हेल्थ से जुड़े मामलों पर काम कर रही हैं।उनका कहना है कि डॉक्टर की पढ़ाई आज भी उनके हर दिन के काम का हिस्सा है।

## सिद्धार्थ आनंद ने की 'अल्फा' के निर्देशक शिव रवैल की तारीफ लिखा- 'बेटा बाप पर ही जाता है'



Alpha Movie: आलिया भट्ट और शरवरी अभिनीत फिल्म 'अल्फा' की रिलीज से पहले सिद्धार्थ आनंद ने इसके निर्देशक शिव रवैल का धन्यवाद किया है। उन्होंने शिव के पिता राहुल रवैल के बारे में भी खास बात लिखी है। आलिया भट्ट और शरवरी की आगामी एक्शन फिल्म 'अल्फा' को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह है। इस फिल्म के निर्देशक शिव रवैल हैं। फिल्म की रिलीज से पहले, मशहूर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने शिव रवैल की जमकर तारीफ की है। सिद्धार्थ आनंद ने एक्स (X) पर एक खास मैसेज शेयर करते हुए बताया कि शिव रवैल के पिता, राहुल रवैल, उनके गुरु रहे हैं।

सिद्धार्थ ने अपने करियर की शुरुआत राहुल रवैल के साथ एक असिस्टेंट के तौर पर की थी। सिद्धार्थ ने लिखा, 'मैंने फिल्म निर्माण के बारे में जो कुछ भी सीखा है, वह राहुल जी से ही सीखा है।' शिव रवैल की तारीफ करते हुए सिद्धार्थ ने कहा कि 'बेटा बाप पर ही जाता है'। उन्हें पूरा भरोसा है कि शिव भी अपने पिता की तरह एक बेहतरीन निर्देशक साबित होंगे। उन्होंने दर्शकों से इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में जाकर फिल्म देखने की अपील भी की है। शिव रवैल ने साल 2023 में मशहूर वेब सीरीज 'द रेलवे मेन' से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत की थी। इससे पहले उन्होंने 'फैन', 'बेफिक्रे' और 'धूम 3' जैसी बड़ी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। शिव रवैल के पिता राहुल रवैल 1980 और 1990 के दशक के एक बहुत बड़े और जाने-माने फिल्म डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'लव स्टोरी', 'बेताब', 'अर्जुन' और 'अंजाम' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन किया है। राहुल रवैल के पिता एच.एस. रवैल भी अपने जमाने के मशहूर फिल्म निर्माता थे।

## क्या राघव जुयाल यूट्यूबर निहारिका एनएम को कर रहे डेट? दोनों की तस्वीरें बनीं चर्चा का विषय



Is Raghav Juyal Dating Niharika NM: अभिनेता राघव जुयाल और यूट्यूबर निहारिका एनएम ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा करके इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। प्रशंसक इन तस्वीरों को देखकर उत्साहित हैं और सवाल पूछ रहे हैं कि क्या यह उनके रिश्ते की घोषणा है या फिर कुछ और? अभिनेता-डांसर राघव जुयाल और मशहूर यूट्यूबर-कंटेंट क्रिएटर निहारिका एनएम ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ बेहद प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के सामने आते ही सोशल मीडिया पर हलचल मच गई है। प्रशंसक यह पूछ रहे हैं कि क्या दोनों सच में एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं या फिर यह उनकी आने वाली फिल्म का प्रमोशन है? राघव ने इंस्टाग्राम पर निहारिका के साथ दो तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में दोनों की केमिस्ट्री काफी अच्छी लग रही है। एक तस्वीर में राघव, निहारिका को पीछे से गले लगाते हुए मुस्कुरा रहे हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों सरप्राइजिंग पोज देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में कुछ नहीं लिखा, सिर्फ एक लाल दिल और स्टार का इमोजी बनाया है। इन तस्वीरों पर मशहूर हस्तियों जैसे शहनाज गिल, रैपर रफ्तार और आशीष चंचलानी ने भी कमेंट करके अपना प्यार जताया है। इन तस्वीरों को देखकर प्रशंसक बेहद खुश हैं। कुछ लोगों को लग रहा है कि दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया है, तो वहीं कुछ प्रशंसकों का मानना है कि यह उनकी आने वाली फिल्म का कोई सीन या प्रमोशन का तरीका हो सकता है। हालांकि, डेटिंग की अफवाहों पर अभी तक राघव और निहारिका में से किसी ने भी खुलकर कोई बयान नहीं दिया है।

## 'अंदाजा नहीं था कि यह रोल लोगों के दिलों में बैठ जाएगा' फिल्म 'दामिनी' में अपने किरदार पर बोले सनी देओल



Sunny Deol On Damini Film: फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सनी देओल ने अपनी साल 1993 की फिल्म 'दामिनी' पर बात की। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने इस फिल्म में काम किया तो अंदाजा नहीं था कि उनका किरदार इतना पसंद किया जाएगा। अभिनेता सनी देओल फिल्म 'इक्का' में नजर आएंगे। इसके जरिए वे ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में वह वकील का किरदार निभा रहे हैं। कोर्टरूम ड्रामा फिल्म में उनका अंदाज देख दर्शकों को फिल्म 'दामिनी' की याद आ जाएगी। इस फिल्म में भी सनी देओल ने वकील की भूमिका निभाई थी। हाल ही में 'इक्का' के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सनी देओल ने 'दामिनी' पर भी बात की। सनी देओल ने फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में 'दामिनी' में अपने छोटे से रोल पर बात की। अभिनेता ने कहा, 'मैंने जो 'दामिनी' फिल्म की थी, तब मैं चाहता था कि मैं इस फिल्म में रहूं। हालांकि, तब मेरा कोई रोल नहीं था। राजकुमार संतोषी ने फिल्म का निर्देशन किया। मेरे दोस्त फिल्म प्रोड्यूस कर रहे थे। एक छोटा सा कैरेक्टर था। मेरे से पूछा गया कि तुम करोगे? मैंने कहा, 'बिल्कुल'। सनी देओल ने आगे कहा, 'मैं इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहता था। मगर, कभी इसका अंदाजा नहीं था कि फिल्म में यह किरदार लोगों के दिलों में इस तरह बैठ जाएगा।

## Shivangi Joshi: 'लॉकअप 2' में शिवांगी के फैंस को मिला सरप्राइज सगाई को लेकर दिया हिंट बोलीं- 'मैं शादी



Shivangi Joshi Engagement News: टीवी के सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं शिवांगी जोशी। इन दिनों वह रियलिटी शो 'लॉकअप 2' का हिस्सा हैं। हाल ही में उन्होंने इस शो में अपनी सगाई और शादी को लेकर बात की है। शिवांगी जोशी की जिंदगी में प्यार की बहार आ चुकी है, जल्द ही वह उस शख्स को अपना हमसफर भी बनाने की सोच रही हैं। रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में एक प्रतियोगी से शिवांगी ने अपनी जिंदगी से जुड़ी खास राज खोला।

उन्होंने बताया कि वह एंगेज्ड हैं यानी कि उनकी सगाई हो चुकी है। शादी को लेकर शिवांगी के क्या प्लान हैं, जानिए। शिवांगी जोशी का 'लॉकअप 2' से एक वीडियो वायरल है, जिसमें वह एक प्रतियोगी को बता रही हैं कि वह एंगेज्ड हैं। शिवांगी कहती हैं, 'मैं सीधा शादी करना चाहती हूं।' तब प्रतियोगी पूछती हैं कि शिवांगी को कैसा लड़का पसंद है। इस पर शिवांगी मुस्कुराती हैं और कहती हैं, 'मैं एंगेज्ड हूं।' इसका मतलब है कि शिवांगी ने सगाई कर ली है। वह शख्स कौन है? क्या करता है? इस बारे में अभी उन्होंने कुछ नहीं बताया है। बता दें कि शिवांगी का कुशाल टंडन से काफी पहले ही ब्रेकअप हो चुका है। दोनों एक लंबे वक्त तक रिलेशनशिप में भी रहे हैं। एक तरफ शिवांगी जोशी ने अपनी सगाई की बात कही है। वहीं 'लॉकअप 2' में उनका नाम एक्टर हर्षद चोपड़ा के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' सीरियल में साथ काम कर चुके हैं। शो में भी दोनों के बीच की बॉन्डिंग साफ नजर आती है। शिवांगी जोशी ने सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'बड़े अच्छे लगते हैं' जैसे रोमांटिक और फैमिली ड्रामा शो किए हैं। इन सीरियलों के कारण उन्हें घर-घर पहचान मिली थी।

## Kangana Ranaut: कंगना रनौत की 'लॉक अप 2 में वापसी बनकर आएंगी 'जनता की आवाज'


Lock Upp Sach Ya Sazaa: बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत जल्द ही लोकप्रिय रियलिटी टीवी शो 'लॉक अप 2' में वापस नजर आने वाली हैं। लेकिन इस बार वह इस शो में जूरी का हिस्सा बनेंगी। अभिनेत्री कंगना रनौत इस हफ्ते के आखिर में नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप: सच या सजा' में एक खास मेहमान के रूप में दिखाई देंगी। इस बार वह शो में 'जनता की आवाज' बनकर एंट्री लेंगी। एएनआई की खबर के अनुसार, शो से पहले कंटेस्टेंट के एलिमिनेशन के दौरान कंगना मुख्य होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख के साथ जूरी का हिस्सा बनेंगी। कंगना ने कहा कि यह शो सच को स्वीकार करने के बारे में है और यहां हर फैसले की एक कीमत चुकानी पड़ती है। इस शो के पिछले सीजन को खुद कंगना ने ही होस्ट किया था, इसलिए उनकी वापसी से फैंस काफी उत्साहित हैं। इस नए सीजन में धीरज धूपर, हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी समेत 15 कंटेस्टेंट्स शामिल हैं। टीवी शो के अलावा कंगना अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'क्वीन' के सीक्वल यानी 'क्वीन 2' को लेकर भी चर्चा में हैं। कंगना ने सोशल मीडिया पर बताया कि इस फिल्म की मुख्य शूटिंग अब पूरी हो चुकी है। उन्होंने पूरी टीम के साथ इसका जश्न भी मनाया। हाल ही में कंगना रनौत फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' में नजर आई थीं, जो 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म साहस और बलिदान पर आधारित है, जो मुंबई हमलों (26/11) के दौरान अस्पताल के उन गुमनाम कर्मचारियों की सच्ची कहानी को दर्शाती है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना 400 से अधिक मरीजों की जान बचाई थी।



कंगना ने अपनी वापसी पर कहा कि यह शो हमेशा सच का सामना करने और अपनी बात खुलकर रखने का मंच रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि 'जनता की आवाज' के रूप में उनका हर फैसला प्रतियोगियों के सफर पर बड़ा असर डाल सकता है। ऐसे में आने वाला एपिसोड दर्शकों के लिए काफी दिलचस्प रहने की उम्मीद है। नए सीजन में होस्ट की जिम्मेदारी Farah Khan और Riteish Deshmukh निभा रहे हैं, जबकि कंगना की मौजूदगी शो में नया रोमांच जोड़ने वाली मानी जा रही है।


## Samantha: सामंथा रुथ प्रभु ने शेयर कीSamantha: सामंथा रुथ प्रभु ने शेयर की की तस्वीर लिखा मजेदार नोट प्रशंसकों ने दी बधाई





Samantha Ruth Prabhu: सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपने बेबी बंप की एक खास तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया। इस पोस्ट को देखने के बाद सामंथा के प्रशंसक बेहद खुश हैं। साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही मां बनने वाली हैं और इस साल के आखिर में उनकी डिलीवरी होने वाली है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बेबी बंप की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। 39 साल की सामंथा ने इस तस्वीर के साथ एक बहुत ही मजेदार कैप्शन लिखा, जिसने इंटरनेट पर सबका ध्यान खींच लिया है। सामंथा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने बेबी बंप की एक खास तस्वीर शेयर कर अपने प्रशंसकों को खुश कर दिया है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए सामंथा ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मेरे सिक्स-पैक एब्स, मैं तुमसे बाद में मिलूंगी।'उनकी इस बात पर फैंस लगातार प्यार बरसा रहे हैं और कमेंट सेक्शन में बधाइयों का तांता लग गया है। कुछ हफ्ते पहले ही सामंथा ने अपने पति और मशहूर फिल्म निर्माता राज निदिमोरु के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद की खुशखबरी फैंस के साथ बांटी थी। अपनी फिल्म 'मा इंटी बंगारम' की सफलता के जश्न के दौरान सामंथा ने संकेत दिया था कि वह अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए अभिनय से कुछ समय का ब्रेक लेंगी। सामंथा ने कहा, 'मा इंटी बंगारम' के बाद, अपनी सेहत की वजह से मुझे थोड़ा ब्रेक लेना होगा। मैं मैटर्निटी लीव पर रहूंगी। इसके बाद, मैं अपने फैंस के लिए एक और बेहतरीन फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर जरूर वापसी करूंगी।'





## कमर्शियल LPG सिलिंडर के बाद एटीएफ कीमतों में भी कटौती

# जेट ईंधन पांच रुपये सस्ता; नई कीमत क्या




अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतों में नरमी के चलते आज जेट ईंधन यानी एयर टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में भी 5 रुपये प्रति लीटर की गिरावट आई है। अब नई कीमत 110 रुपये प्रति लीटर हो गई है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम होने की वजह से बुधवार को जेट फ्यूल यानी एयर टरबाइन फ्यूल (ATF) की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई। पीटीआई के मुताबिक इंडस्ट्री के सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में एविएशन टरबाइन फ्यूल (ATF) की नई कीमत अब 110 रुपये प्रति लीटर है। पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका-इस्राइल टकराव से उपजे संकट के कारण जेट फ्यूल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद यह पहली कटौती है। बता दें कि ईरान और अमेरिका के बीच 111 दिनों की जंग के बाद टकराव रोकने का समझौता बना था। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण है।

# The Bonus Market News:

## हरे निशान पर सेंसेक्स-निफ्टी; शुरुआती कारोबार




दो दिन की गिरावट के बाद 1 जुलाई 2026 को सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल दर्ज किया गया। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान और ऑटो शेयरों में खरीदारी से भारतीय बाजार को सहारा मिला। आइए जानते हैं बाजार का पूरा हाल।आज के शुरुआती कारोबार में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का संवेदी सूचकांक- सेंसेक्स 182.42 अंक चढ़कर 76,661.36 पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक- निफ्टी 49.90 अंक बढ़कर 23,916.85 पर पहुंच गया। इसके अलावा बुधवार के शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया 13 पैसे गिरकर 94.69 पर आ गया।राजेश पालविया ने बाजार के सकारात्मक संकेतों पर टिप्पणी की।

सेंसेक्स समूह में कई बड़े शेयरों ने बढ़त हासिल की। इनमें एटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी इंडिया, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल थे। अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और एशियन पेंट्स भी प्रमुख लाभ पाने वाले शेयरों में रहे। दूसरी ओर, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और एनटीपीसी जैसे शेयर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।एशियाई बाजारों में भी मिलाजुला रुझान देखने को मिला। जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक बढ़त पर रहे। हालांकि, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक गिरावट पर कारोबार कर रहा था। हांगकांग के बाजार बुधवार को बंद रहे। मंगलवार, 30 जून 2026 को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। यह वैश्विक संकेतों के लिए एक अच्छा संकेत था।

# जून में 40% कम बारिश का असर, खरीफ बुवाई 23% घटी; जलाशयों में भी घटा जलस्तर



कृषि मंत्रालय के मुताबिक, जून अंत तक देश में कुल 182.72 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुवाई हुई है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 236.46 लाख हेक्टेयर से 23 फीसदी कम है। अल-नीनो प्रभाव के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून की चाल सुस्त पड़ने से देश में धान सहित पूरे खरीफ फसलों की बुवाई में 23 फीसदी की कमी आई है। इसके अलावा, कमजोर मानसून के कारण प्रमुख जलाशयों में भी 26 फीसदी पानी ही बचा है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, जून अंत तक देश में कुल 182.72 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुवाई हुई है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 236.46 लाख हेक्टेयर से 23 फीसदी कम है। दलहन, तिलहन, मोटे अनाज और कपास की बुवाई भी घटी है।

उधर, मौसम विभाग के मुताबिक, एक से 30 जून तक देश में सामान्य 165.3 मिमी के मुकाबले सिर्फ 99.5 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 40 फीसदी कम बारिश है। 36 सब-डिवीजन में से 20 फीसदी में सामान्य, 12 फीसदी में ज्यादा, 64 फीसदी में सामान्य से कम और 14 फीसदी में सामान्य से बहुत कम बारिश हुई है। कम बारिश के कारण केंद्रीय जल आयोग की निगरानी वाले 166 प्रमुख जलाशयों में 25 जून तक 48.405 अरब घन मीटर पानी उपलब्ध था, जो उनकी पूर्ण भंडारण क्षमता का सिर्फ 26.37 फीसदी है। यह पिछले वर्ष के स्तर का 73.21 फीसदी और सामान्य स्तर का 105.67 फीसदी है। इनमें से 111 जलाशयों में सामान्य भंडारण का 80 फीसदी से अधिक पानी उपलब्ध था, जबकि 55 में यह 80 फीसदी या उससे कम था। 29 जलाशयों में पानी सामान्य स्तर से 50 फीसदी या उससे भी कम




टमाटर, प्याज और आलू की कीमतें फिर बढ़ने लगी हैं, जिससे खाद्य महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, एक महीने में टमाटर की औसत खुदरा कीमतों में 18 फीसदी, प्याज में 11 फीसदी और आलू में 1.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। ये तीनों सब्जियां मिलकर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई में 1.75 फीसदी योगदान देती हैं।सालाना आधार पर, टमाटर की कीमतें 25 फीसदी और प्याज की 3.3 फीसदी ऊपर हैं। हालांकि, आलू के दाम 17 फीसदी कम हैं

# Today Petrol-Diesel Price:

## नायरा एनर्जी ने घटाए पेट्रोल-डीजल के दाम




**Today Petrol-Diesel Price:** निजी क्षेत्र की तेल कंपनी नायरा एनर्जी ने आज पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने का एलान किया। अनुमान के मुताबिक देशभर के लगभग 7000 पंपों पर कीमतों में इस कटौती का लाभ मिलेगा। अब नजरें इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी अन्य कंपनियों पर हैं।नायरा एनर्जी ने आज पेट्रोल-डीजल के दाम घटाने का एलान किया है। अब नजरें अन्य कंपनियों पर टिकी हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (HPCL) की तरफ से पेट्रोल-डीजल की ताजा कीमतों को लेकर फिलहाल कोई अपडेट सामने नहीं आया है। नायरा की तरफ से दाम घटाए जाने के बाद नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक नायरा ने पेट्रोल के दाम में पांच रुपये की कटौती की है,

# SBI Research: अमेरिकी फेडरल रिजर्व में 'केविन वॉर्श युग की शुरुआत से क्या बदलेगा



अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नए चेयरमैन केविन वॉर्श की नीतियां ग्लोबल मार्केट को कैसे प्रभावित करेंगी? SBI रिसर्च की रिपोर्ट में जानिए डॉलर, महंगाई और ब्याज दरों पर इसका सीधा असर। पूरी खबर पढ़ने के लिए अभी क्लिक करें दुनिया भर के शेयर बाजारों और केंद्रीय बैंकों के काम करने का तरीका जल्द ही बदलने वाला है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक 'फेडरल रिजर्व' के नए चेयरमैन केविन वॉर्श एक ऐसी नीति लेकर आ रहे हैं, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों में एक बड़ा भूचाल ला सकती है। भारतीय स्टेट बैंक रिसर्च की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वॉर्श के नेतृत्व में फेडरल रिजर्व का कामकाज हाल के वर्षों की ज्यादा संवाद वाली शैली से बिल्कुल अलग होगा।।एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, वॉर्श का नजरिया महज सख्त होने के बजाय 'संस्थागत' है। वे यह कोशिश कर रहे हैं कि फेड अपनी भावी नीतियों को लेकर कम से कम संकेत दे। इसका मतलब यह है कि अब बाजार को केंद्रीय बैंक के बयानों से ज्यादा सीधे आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर रहना होगा। वॉर्श नीतिगत उपकरणों को कम करने, बैलेंस शीट को छोटा रखने और अपने बयानों पर संयम बरतने के पक्षधर हैं।

# Gold Silver Price: सोने में गिरावट, चांदी में जोरदार उछाल; क्या है दिल्ली के सर्राफा बाजार का हाल




दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने के भाव 800 रुपये गिरे, जबकि चांदी 6,000 रुपये उछली। जानें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं की चाल और इसके पीछे के कारण। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी के भावों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। सोने की कीमतों में 800 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, चांदी ने चार सत्रों की लगातार गिरावट को तोड़ते हुए 6,000 रुपये का जोरदार उछाल दिखाया। यह बदलाव घरेलू बाजार में मांग और अंतरराष्ट्रीय रुझानों के कारण हुआ।ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 800 रुपये घटकर 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सोमवार को सोने का बंद भाव 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सभी करों सहित यह कीमत लागू हुई है। चांदी की बात करें तो, यह 6,000 रुपये बढ़कर 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू बाजार में सोने पर दबाव बना हुआ है। चांदी में हालिया सुधार के बाद मूल्य खरीदारी देखी गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी कीमती धातुओं में उतार-चढ़ाव रहा।घरेलू बाजार में सोने की मांग कमजोर बनी हुई है। इसी कारण मंगलवार को सोने के भाव में कमी आई। मांग में कमी के चलते व्यापारियों ने कीमतें घटाईं। यह गिरावट 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने का भाव मामूली रूप से बढ़ा। वहां हाजिर सोना 4,021.15 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।चांदी ने चार सत्रों की लगातार गिरावट के बाद मजबूत वापसी की है। विश्लेषकों के अनुसार, हालिया सुधार के बाद निवेशकों ने चांदी में मूल्य खरीदारी की। इससे चांदी की कीमतों में 6,000 रुपये प्रति किलोग्राम का बड़ा उछाल आया। यह निवेशकों के लिए चांदी को आकर्षक बना रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी में करीब एक फीसदी की वृद्धि हुई। वहां चांदी 58.81 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी कीमती धातुओं में हलचल देखी गई। हाजिर सोने का भाव मामूली रूप से बढ़कर 4,021.15 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस रहा। वहीं, चांदी की कीमतों में करीब एक फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 58.81 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। यह घरेलू बाजार के रुझानों को भी प्रभावित करता है। वैश्विक आर्थिक संकेतों का असर भी इन कीमतों पर पड़ता है।



# Commercial LPG Cylinder: 19 KG के LPG कमर्शियल सिलिंडर का दाम ₹183 घटा, दिल्ली में 2930 रुपये नई कीमत




एक बड़ी राहत के तौर पर, तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती की है। इस फैसले से रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल और खाने-पीने के कारोबार से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की नई कीमतें आज, 1 जुलाई 2026 से लागू हो गई हैं।तेल वितरक कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 183.50 रुपये की कटौती की है। नई दरें लागू होने के बाद राजधानी दिल्ली में यह सिलिंडर अब 2,930 रुपये का हो गया है, जो कि पहले 3,113.50 रुपए था। इस राहत से होटल, रेस्तरां, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सीधा फायदा मिलेगा, जहां कमर्शियल गैस सिलिंडर का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है।

वहीं, कोलकाता में इसका दाम 3,255.50 रुपए से घटकर 3,081.50 रुपए हो गया है। पटना में 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी की कीमत कम होकर 3,227 रुपए हो गई है। इस साल कमर्शियल गैस की कीमतों में पहली बार गिरावट हुई है। राष्ट्रीय राजधानी में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत दिसंबर 2025 में 1,580.50 रुपए थी, जो नए साल की शुरुआत के साथ 1 जनवरी 2026 को बढ़कर 1,691.50 रुपए हो गई। इसके बाद 1 फरवरी को कीमत बढ़कर 1,740.50 रुपए पहुंच गई। तेल मार्केटिंग कंपनियों के इस फैसले से रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल और खाने-पीने के कारोबार से जुड़े लोगों को राहत मिलेगी। कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की नई कीमतें आज, 1 जुलाई 2026 से लागू हो गई हैं।

# AI से होने वाले साइबर हमले भारतीय बैंकिंग के लिए सबसे बड़ा खतरा




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से होने वाले साइबर हमले भारतीय बैंकिंग प्रणाली के लिए निकट भविष्य का सबसे बड़ा खतरा बनकर उभरे हैं। आरबीआई के अनुसार, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई मजबूत व्यवस्थाएं विकसित की हैं, लेकिन कर्मचारियों में साइबर सुरक्षा जागरूकता और डिजिटल फोरेंसिक तैयारियों को अभी और मजबूत करने की जरूरत है। आरबीआई ने मंगलवार को जारी अपनी द्विवार्षिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय बैंक ने बैंकिंग प्रणाली की साइबर सुरक्षा तैयारियों का आकलन करने के लिए एक सर्वे में सामने आया कि अधिकांश वित्तीय संस्थानों ने साइबर जोखिम प्रबंधन के लिए मजबूत व्यवस्था बनाई है। खासकर महत्वपूर्ण सूचना प्रणालियों की कमजोरियों की पहचान और पैठ परीक्षण जैसी प्रक्रियाओं को बेहतर तरीके से अपनाया जा रहा है।

# Aaj Ka Rashifal

## वृषभ राशि को मिलेगा अटका धन सिंह राशि का बढ़ेगा सम्मान पढ़ें दैनिक राशिफल

01 जुलाई 2026 का दैनिक राशिफल यहां पढ़ें। मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ, मकर राशि वालों के लिए आज का दिन शुभ है या अशुभ, जानें पूरी जानकारी।

01 July 2026 Rashifal: बदलते ग्रहों की चाल के साथ 1 जुलाई 2026 का दिन सभी राशियों के लिए अलग-अलग अनुभव लेकर आ रहा है। आज ग्रहों का प्रभाव हर राशि पर अलग ढंग से देखने को मिल सकता है। कुछ राशियों के लिए यह दिन आर्थिक लाभ, करियर में आगे बढ़ने के मौके और रिश्तों में मधुरता की खुशखबरी लेकर आएगा, वहीं कुछ जातकों को सेहत और पारिवारिक मामलों में थोड़ी सतर्कता बरतनी होगी।




### मेष

आज का दिन आपके लिए संतोष, सफलता और खुशियों की मधुर सौगात लेकर आया है। व्यापार से जुड़े आपके प्रयास रंग लाते दिखाई देंगे और किसी योजना से अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं। यदि आप संतान के किसी परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे थे, तो आज वह खबर आपके चेहरे पर गर्व भरी मुस्कान ला सकती है। परिवार में प्रेम और सहयोग का वातावरण बना रहेगा। अपनों के साथ बिताया गया समय मन को सुकून देगा। हालांकि अतीत की किसी गलती को दोहराने से बचना होगा, क्योंकि वही बात दोबारा परेशानी का कारण बन सकती है। वाहन चलाते समय भी अतिरिक्त सावधानी रखें और किसी दूसरे का वाहन लेने से बचें।

### वृषभ

आज भाग्य आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाता दिखाई दे रहा है। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे मन हल्का और प्रसन्न महसूस करेगा। शेयर बाजार या निवेश से जुड़े लोगों के लिए भी दिन उत्साहजनक संकेत दे रहा है। परिवार में किसी शुभ कार्य या विवाह की चर्चा पूरे घर को उत्साहित कर सकती है। स्वादिष्ट भोजन, परिवार के साथ हंसी-मजाक और बच्चों की मासूम शरारतें आपके दिन को खास बना देंगी। बस एक बात का ध्यान रखें, जल्दबाजी में लिया गया फैसला कभी-कभी अच्छे अवसरों को भी कमजोर कर देता है।

### मिथुन

आज का दिन धैर्य और समझदारी की परीक्षा ले सकता है, लेकिन अंत में राहत भी देगा। लंबे समय से रुका हुआ कोई सरकारी कार्य पूरा होने की दिशा में बढ़ सकता है। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है और आपको भागदौड़ भी करनी पड़ सकती है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें, क्योंकि उधार या लेन-देन से जुड़ा कोई विषय सामने आ सकता है। दिन की सबसे सुखद बात यह हो सकती है कि किसी पुराने मित्र से अचानक मुलाकात हो जाए और पुरानी यादें फिर से ताजा हो जाएं।

### कर्क

आज का दिन शांत और संतुलित ऊर्जा लेकर आया है। यदि वैवाहिक जीवन में पिछले दिनों कुछ खटास या गलतफहमियां थीं, तो अब रिश्तों में फिर से मिठास लौटती दिखाई दे रही है। कार्यक्षेत्र में किसी सहकर्मी के साथ हुई चर्चा आपको नई दिशा दे सकती है। संतान की उपलब्धियां आपके मन को गर्व से भर देंगी। विद्यार्थियों को आज अपने लक्ष्य पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही भी नुकसान पहुंचा सकती है। निवेश से जुड़े मामलों में परिस्थितियां आपके पक्ष में जाती दिखाई दे रही हैं।

### सिंह

आज आपके व्यक्तित्व का तेज चारों ओर आकर्षण का केंद्र बन सकता है। मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं। जिस कार्य को आप आत्मविश्वास के साथ शुरू करेंगे, उसमें सफलता मिलने की संभावना प्रबल रहेगी। संतान की प्रगति आपके लिए गर्व का विषय बनेगी। स्वास्थ्य के छोटे संकेतों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि समय पर ध्यान देना भविष्य की परेशानी से बचा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद किसी रुके हुए कार्य को पूरा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आज अपनी सुविधाओं और इच्छाओं पर खर्च भी बढ़ सकता है।

### कन्या

आज आपके सामने नए अवसरों के कई द्वार खुल सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। कार्य से जुड़ी यात्रा भी लाभदायक सिद्ध हो सकती है। आपके मन में कुछ नया और अलग करने की इच्छा जागेगी, जो भविष्य में सफलता की मजबूत नींव बन सकती है। हालांकि आज बिना मांगे सलाह देने से बचें, क्योंकि हर व्यक्ति आपकी बात को उसी दृष्टि से नहीं देखेगा। सोच-समझकर लिए गए निर्णय ही आज आपको आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

### तुला

आज का दिन प्रगति, आकर्षण और नई संभावनाओं का संदेश लेकर आया है। अविवाहित लोगों के जीवन में कोई ऐसा व्यक्ति प्रवेश कर सकता है जो भविष्य में खास स्थान बना ले। आर्थिक स्थिति में सुधार और धन लाभ के संकेत हैं। यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे निभाने का अवसर मिलेगा और इससे रिश्तों में मजबूती आएगी। हालांकि बोलते समय थोड़ी सावधानी रखें, क्योंकि आपकी कोई बात जीवनसाथी को नाराज कर सकती है। आपके भीतर आगे बढ़ने और कुछ बड़ा हासिल करने की तीव्र इच्छा बनी रहेगी।

### वृश्चिक

आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने की आवश्यकता है। जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बाद में सुधार की मांग कर सकता है। व्यस्तता अधिक रहेगी, लेकिन अच्छी बात यह है कि आपकी जरूरतें पूरी होती दिखाई देंगी। जीवनसाथी के लिए कोई उपहार या विशेष खरीदारी रिश्तों में नई मिठास घोल सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा, क्योंकि अनावश्यक खर्च भविष्य की योजनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। धैर्य और संतुलन बनाए रखेंगे तो दिन आपके पक्ष में जाता दिखाई देगा।

### धनु

आज सकारात्मक ऊर्जा आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलती दिखाई दे रही है। वाहन चलाते समय सावधानी जरूर रखें, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही परेशानी खड़ी कर सकती है। सरकारी कार्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास करें, इससे भविष्य की कई दिक्कतें टल जाएंगी। घर में किसी नए सदस्य या मेहमान के आने से खुशियों का माहौल बन सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए भाग्यवर्धक साबित होगा और कोई रुकी हुई डील भी अचानक आगे बढ़ सकती है।

### मकर

आज व्यापार और कार्यक्षेत्र में वृद्धि के संकेत उत्साह बढ़ाने वाले हैं। लंबे समय से रुकी हुई कोई डील अब पूरी हो सकती है और इसका लाभ आपको आर्थिक रूप से मजबूत बना सकता है। परिवार के किसी सदस्य से किया गया वादा निभाना जरूरी होगा, क्योंकि आपकी बात का उनके जीवन में विशेष महत्व है। घर के बुजुर्गों की सेहत का विशेष ध्यान रखें। पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को हर गतिविधि पर नजर बनाए रखनी होगी। विरोधियों की गतिविधियों पर भी सतर्क दृष्टि रखना समझदारी होगी।

### कुंभ

आज का दिन नई जानकारियां और नए अवसर लेकर आ सकता है। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान मिली एक महत्वपूर्ण सूचना भविष्य में बड़ा लाभ दे सकती है। दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा और भागदौड़ भी बनी रह सकती है। कोई व्यक्ति आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकता है, इसलिए अपने निर्णयों में सतर्कता रखें। किसी कानूनी या सरकारी मामले में अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। नई नौकरी या करियर से जुड़े अवसरों की ओर भी आपका ध्यान जा सकता है।

### मीन

आज मेहनत और समर्पण आपका सबसे बड़ा हथियार साबित होगा। कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। माताजी के साथ संबंधों में और अधिक मधुरता आएगी और उनके साथ बिताया गया समय आपको भावनात्मक रूप से मजबूत बनाएगा। हालांकि बिना वजह क्रोध करना आपके रिश्तों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए अपने स्वभाव में थोड़ी नरमी लाने का प्रयास करें। यात्रा या किसी मुलाकात के दौरान मिली जानकारी भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकती है। साथ ही किसी विरोधी की बातों में आकर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

# Aaj Ka Love Rashifal

## तुला राशि में बढ़ेगी क्रश की चाहत कुंभ राशि में सुलझेंगे पुराने मतभेद



Love Rashifal 1 जुलाई 2026: जानें मेष से मीन तक सभी राशियों का प्रेम राशिफल, किसे मिलेगा रोमांस और किसे रखना होगा धैर्य।

Love Rashifal 1 जुलाई 2026: 1 जुलाई 2026 को पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह की कृष्ण पक्ष द्वितीया तिथि है, और इस दिन ग्रहों की चाल का असर सीधे तौर पर प्रेम जीवन पर भी देखने को मिल सकता है। चंद्रमा की स्थिति आज भावनाओं और रिश्तों को खास तौर पर प्रभावित कर रही है, जिसके चलते कुछ राशियों के लिए यह दिन रोमांस से भरा रह सकता है, तो कुछ को अपने पार्टनर के साथ संयम और समझदारी से पेश आना होगा। पंचांग के मुताबिक बना यह ग्रह संयोग किसी के रिश्ते में नई शुरुआत का संकेत दे रहा है, तो किसी के लिए पुराने रिश्ते में गहराई लाने का अवसर बन सकता है। हालांकि छोटी-मोटी गलतफहमियां आज कुछ राशियों के लिए परेशानी का सबब भी बन सकती हैं, इसलिए धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। आइए जानते हैं मेष से मीन राशि तक, 1 जुलाई 2026 को आपके प्रेम जीवन में पंचांग और ग्रहों की चाल का क्या असर देखने को मिल सकता है।

## मूलांक 2 और 8 वालों को आत्मविश्वास से मिलेगी सफलता करियर में मिलेगा सम्मान




Ank Jyotish 1 जुलाई 2026: आज का भाग्यांक है 1, जो सूर्य ग्रह से जुड़ा है। जानें सभी मूलांकों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

Ank Jyotish 1 जुलाई 2026: अंक ज्योतिष के नजरिए से आज का दिन भावनात्मक संवेदनशीलता, रचनात्मकता और आध्यात्मिक झुकाव अपनाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा सकता है। आज की तारीख यानी 0+1+0+7+2+0+2+6 का योग करने पर अंक 1 प्राप्त होता है, इसलिए आज का भाग्यांक 1 बनता है। अंक 1 को सूर्य ग्रह से जोड़ा जाता है, जो नेतृत्व, आत्मविश्वास, ऊर्जा और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। सूर्य के प्रभाव से आज आत्मबल और दृढ़ता के साथ किए गए कामों में सफलता मिलने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में नई ऊर्जा और उत्साह का अनुभव हो सकता है, हालांकि अहंकार और जिद पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा। नौकरी करने वालों को किसी नई जिम्मेदारी में हाथ आजमाने का मौका मिल सकता है, जबकि व्यापारियों के लिए आत्मविश्वास से लिए गए फैसले फायदेमंद साबित हो सकते हैं। अगर आज संयम, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ा जाए, तो यह दिन सफलता और संतोष के नए द्वार खोल सकता है। आइए जानते हैं अंक ज्योतिष के अनुसार 1 जुलाई 2026 का दिन सभी मूलांकों के लिए कैसा रहने वाला है।

## जुलाई का मासिक राशिफल ला रहा है बड़ा बदलाव 4 राशियां रहेंगी जबरदस्त फायदे में

July 2026 Monthly Horoscope: ग्रहों के गोचर के आधार पर जुलाई का महीना काफी महत्वपूर्ण रहने वाला होगा। आइए जानते है सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा जुलाई 2026 का महीना।

July 2026 Monthly Horoscope: अंग्रेजी कैलेंडर का सातवां महीना जुलाई ज्योतिष शास्त्र के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस माह ग्रहों की चाल में कई बड़े परिवर्तन देखने को मिलेंगे, जो सभी राशियों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालेंगे। इसके साथ ही जुलाई महीने में कई ग्रहों के राशि परिवर्तन से लोगों के करियर, व्यापार, शिक्षा और संबंधों पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। कुछ राशियों के लिए यह समय तरक्की और नए अवसर लेकर आएगा, तो कुछ को सावधानी और धैर्य के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता होगी।

ग्रहों के महत्वपूर्ण बदलावों के कारण यह महीना कई लोगों के लिए जीवन में सकारात्मक मोड़ ला सकता है। आइए जानते हैं कि जुलाई 2026 का यह महीना मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि के लिए क्या खास लेकर आया है।

# IND vs ENG T20 Playing 11: सैमसन को बाहर बैठाकर क्या वैभव को मिलेगा मौका? प्रिंस या वरुण के बीच करना होगा चयन

India vs England (IND vs ENG ) 1st T20 Playing Today: आयरलैंड के खिलाफ मिली हार को भुलाकर श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम अब इंग्लैंड का सामना करेगी। दोनों टीमों के बीच बुधवार को मुकाबला खेला जाएगा। पहले टी20 मैच में सबसे ज्यादा निगाह इस बात पर होगी कि वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू का मौका मिलता है या नहीं।




न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार और कप्तान बेन स्टोक्स के अचानक संन्यास लेने के झटके से इंग्लैंड की टीम अभी उबर नहीं पाई है। दूसरी ओर, भारतीय टीम का प्रदर्शन भी हाल के दिनों में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है।

कभी बेहद शानदार तो कभी बिल्कुल फीका। चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 विश्व कप में भारत ने जीत दर्ज की थी, लेकिन घरेलू टेस्ट सीरीज में उनका 12 साल का अजेय रहने का सिलसिला लगातार दो क्लीन स्वीप के साथ टूट गया था। इतना ही नहीं, आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ उनके टी20 सीरीज के अजेय रथ पर भी ब्रेक लग गया है। अब भारत और इंग्लैंड की टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज में एक दूसरे के सामने होंगी। टी20 प्रारूप में इन दोनों टीमों के बीच पिछले दो मुकाबलों की बात करें, तो भारत ने इंग्लैंड को दो विश्व कप सेमीफाइनल में मात दी है। इसके अलावा भारत ने अपनी सरजमीं पर इंग्लैंड को 4-1 से सीरीज हराई थी। भले ही भारत को हाल ही में आयरलैंड से सीरीज गंवानी पड़ी हो, लेकिन वे अब भी टी20 की एक बेहद खतरनाक टीम हैं। टीम में फिलहाल जसप्रीत बुमराह मौजूद नहीं हैं, जिन्होंने मुंबई में खेले गए सेमीफाइनल में 253 रन के स्कोर का बचाव करने में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। दोनों ही टीमों में ऐसे धाकड़ बल्लेबाज मौजूद हैं जो सपाट पिचों पर रनों का अंबार लगा सकते हैं। लेकिन अगर पिचें वैसी नहीं रहीं, तो दोनों पक्षों के बड़े हिटर्स के धैर्य और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने की क्षमता की कड़ी परीक्षा होगी। तेज गेंदबाजों की अनुकूल बेलफास्ट की पिच पर कोई भी भारतीय बल्लेबाज सहज नहीं दिख रहा था। जब हालात और आयरलैंड के गेंदबाजों की सटीक गेंदबाजी ने आक्रामक बल्लेबाजी के रास्ते बंद कर दिए तो भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशानी हुई। दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय तिलक वर्मा ने संभलकर खेलते हुए अर्धशतक जड़ा लेकिन उनका भी सब्र जवाब दे गया। आयरलैंड के हासिल किए जा सकने वाले 183 और 155 के लक्ष्यों के खिलाफ भारत के अन्य बल्लेबाजों में भी बेसब्री साफ नजर आई। इसके लिए आईपीएल की सपाट पिचों पर बल्लेबाजी करने के तरीके से अलग सोच की जरूरत थी लेकिन ऐसा देखने को नहीं मिला।



भारतीय बल्लेबाजों को अपनी सोच और खेलने के तरीके में बदलाव करना होगा क्योंकि इंग्लैंड में भी लगभग ऐसे ही हालात होंगे और वह अधिक बेहतर और अनुभवी खिलाड़ियों से सामना होगा। संजू सैमसन/वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, सूर्यांश शेडगे, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, प्रिंस यादव/वरुण चक्रवर्ती। फिल सॉल्ट, जोस बटलर, हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, सैम करन, विल जैक्स, लियाम डॉसन, साकिब महमूद, आदिल राशिद और ल्यूक वुड।

## क्या जारी रहेगा वैभव का इंतजार?: श्रेयस ने सूर्यवंशी के डेब्यू पर नहीं खोले पत्ते कोर टीम के समर्थन पर जोर



भारत और इंग्लैंड के बीच बुधवार से टी20 सीरीज की शुरुआत हो रही है। एक बार फिर चर्चा इस बात पर है कि वैभव सूर्यवंशी को इसमें मौका मिलेगा या नहीं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने हालांकि, वैभव के डेब्यू को लेकर चुप्पी नहीं तोड़ी है। इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे पहले टी20 मैच से पूर्व भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं। अय्यर का मानना है कि कुछ महीने पहले टी20 विश्व कप जीतने वाले खिलाड़ियों का समर्थन करना और उन्हें टीम में सुरक्षित माहौल देना बेहद महत्वपूर्ण है। 15 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जब से आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे की टीम में चुना गया है, तब से उनके डेब्यू को लेकर लगातार चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह देने के लिए भारत को संयोजन में बदलाव करना पड़ेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच बुधवार को चेस्टर ली में होगा। इससे पहले श्रेयस ने कहा, टीम के सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, ऐसा नहीं है कि सिर्फ किसी एक ने किया हो। लेकिन हमें ऐसा अवसर और सुरक्षा का माहौल बनाना होगा जिससे आगे आने वाले टूर्नामेंट के लिए हर खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़े।

## LA Olympics: ओलंपिक क्वालिफिकेशन के लिए तय हुए मानदंड पुरुष और महिला टीमें किस तरह कर सकेंगी क्वालिफाई?

लॉस ओलंपिक 2028 के लिए आईसीसी ने क्रिकेट क्वालिफिकेशन के मानदंड तय कर दिए हैं। पुरुष टीम के लिए रैंकिंग मायने रखेगी, जबकि महिलाओं के लिए टी20 विश्व कप की स्टैंडिंग जरूरी है। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक के क्वालिफिकेशन को लेकर आईसीसी ने मानदंड तय कर दिए हैं। पुरुष और महिला टीमों के लिए अलग-अलग तरह के मानदंड तय हुए हैं।भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालिफाई करना है





तो वर्ष 2026 के आखिर में आईसीसी टी20 रैंकिंग में एशिया टीमों में शीर्ष पर रहना होगा, जबकि महिला वर्ग में इंग्लैंड में चल रहे विश्व कप की शीर्ष चार टीमें स्वत: क्वालिफाई करेंगी। क्रिकेट ओलंपिक में 100 साल बाद लौट रहा है और पुरुष तथा महिला वर्गों में छह-छह टीमें भाग लेंगी। विभिन्न महाद्वीपों से चार कोटा स्थान रैंकिंग से तय होंगे।महिला वर्ग में चार कोटा स्थान टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेलने वाली चार टीमों को दिए जाएंगे।

इस मानदंड के तहत ऑस्ट्रेलिया (ओशियाना), दक्षिण अफ्रीका (अफ्रीका) और इंग्लैंड (यूरोप) सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ये कोटा हासिल कर चुके हैं। वहीं, भारतीय महिला टीम (एशिया) भी क्वालिफाई कर चुकी है। कट ऑफ की तारीख 31 दिसंबर 2026 रखी गई है। आईसीसी ने कहा, आईसीसी पुरुष टी20 टीम रैंकिंग में महाद्वीपों के आधार पर सबसे ऊंची रैंकिंग वाली राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को ये चार कोटा स्थान आवंटित किए जाएंगे।

## ENG vs NZ: न्यूजीलैंड ने 2-1 से जीती टेस्ट सीरीज हार के साथ खत्म हुआ इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का करियर



न्यूजीलैंड ने ट्रेंट ब्रिज टेस्ट में इंग्लैंड को 160 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली और इंग्लैंड में पिछड़ने के बाद टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, इस हार के साथ इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स का 15 साल लंबा अंतरराष्ट्रीय करियर भी समाप्त हो गया।

न्यूजीलैंड ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 160 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने इतिहास रचते हुए इंग्लैंड की धरती पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पहली बार सीरीज जीतने का कारनामा किया। वहीं इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स का अंतरराष्ट्रीय करियर भी हार के साथ समाप्त हो गया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 438 रन और दूसरी पारी नौ विकेट पर 288 रन बनाकर घोषित की थी। इसके जवाब में इंग्लैंड पहली पारी में 354 रन ही बना सका। दूसरी पारी में उसे जीत के लिए 373 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन पूरी टीम 212 रन पर सिमट गई और न्यूजीलैंड ने मुकाबला 160 रन से जीत लिया।



# AUS W vs WI W Highlights

## वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हारकर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया क्या जीत सकेंगी सातवां खिताब?

Australia-W vs West Indies-W (AUS-W vs WI-W) T20 World Cup 2026 Semi-final : नमस्कार! अमर उजाला के लाइव ब्लॉग में आपका स्वागत है। महिला टी20 विश्व कप 2026 अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से मात देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब टीम की नजर रिकॉर्ड सातवें टी20 विश्व कप खिताब पर होगी। महिला टी20 विश्व कप 2026 अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 13 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज और चिनेले हेनरी को एक-एक विकेट मिला। टीम की नजर अब रिकॉर्ड सातवें महिला टी20 विश्व कप खिताब पर टिकी होगी। ऑस्ट्रेलिया की पारी की शुरुआत के दौरान टीम को पहला झटका जल्दी लग गया।



## Explainer: जिसका डर था वही हुआ! महिला T20 विश्वकप से टीम इंडिया आखिर क्यों हुई बाहर? ये रहे छह सबसे बड़े कारण

भारतीय महिला टीम का टी20 विश्व कप अभियान कई कमजोरियों की वजह से खत्म हुआ। बल्लेबाजी रणनीति, तेज गेंदबाजी की नाकामी, खराब फील्डिंग, गलत टीम संयोजन, डेथ ओवरों की कमजोर गेंदबाजी और बड़े मैचों में दबाव नहीं झेल पाने जैसी कमियों ने सेमीफाइनल की उम्मीदें तोड़ दीं।



भारतीय महिला क्रिकेट टीम का टी20 विश्वकप में सफर खत्म हो गया। रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ग्रुप स्टेज में हार ने भारत के सफर को रोक दिया। टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई। महिला टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज रहीं। अब टीम इंडिया की हार के बाद फैंस सोशल मीडिया पर लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। खासतौर पर पिछले साल वनडे विश्वकप जीतने के बाद टीम इंडिया से काफी उम्मीदें थीं। भारतीय महिला टीम के पास अनुभवी बल्लेबाज, विश्व स्तरीय स्पिन आक्रमण और बड़े मंच का अनुभव था

लेकिन आधुनिक टी20 क्रिकेट की सबसे अहम जरूरतें, आक्रामक रणनीति, प्रभावी तेज गेंदबाजी, दमदार फील्डिंग और दबाव में सही फैसले, पूरे टूर्नामेंट में कमजोर साबित हुईं। यही कारण रहा कि भारत अच्छी शुरुआत और कुछ जीत के बावजूद सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सका। कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर दोनों ने स्वीकार किया कि टीम को अपनी टी20 रणनीति पर दोबारा विचार करना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करो या मरो मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, जबकि उसी पिच पर रन बनाना आसान नहीं था। 170 रन को टीम ने पर्याप्त माना, लेकिन इससे ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य का स्पष्ट अंदाजा मिल गया। दूसरी ओर भारतीय गेंदबाजों पर अतिरिक्त दबाव आ गया कि वे मजबूत ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी के खिलाफ इस स्कोर का बचाव करें। अनुभवी बल्लेबाजी क्रम पर दबाव कम करने की कोशिश आखिरकार टीम के खिलाफ चली गई। स्पिनरों ने लगातार विकेट निकाले, लेकिन तेज गेंदबाज लगभग बेअसर रहे। पूरे टूर्नामेंट में भारत के पेस अटैक ने सबसे कम सिर्फ 2 विकेट लिए। उनका गेंदबाजी औसत 64.50, स्ट्राइक रेट 45.5 और इकॉनमी 8.50 रही, जो प्रतियोगिता में सबसे खराब आंकड़ों में शामिल रही। भारतीय तेज गेंदबाज शुरुआती विकेट नहीं निकाल सके और न ही बल्लेबाजों पर दबाव बना पाए। इससे स्पिनरों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता बढ़ गई। भारत की फील्डिंग पूरे टूर्नामेंट में चिंता का विषय रही। बांग्लादेश के खिलाफ सिर्फ 12 गेंदों के भीतर चार कैच छूटे। टीम की कैचिंग एफिशिएंसी केवल 69.3 प्रतिशत रही।



लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300

















